9:47 PM ...0.1KB/s 4G 53

6 12

IPRD GODDA

55 mins ·

अनुमंडल पदाधिकारी महगामा श्री हरिवंश पंडित के निर्देशानुसार *प्रदान संस्था* के द्वारा बोआरीजोर प्रखंड एवं आस पास के गाँवो में जरूरतमंद गरीबों को राशन किट, का वितरण किया गया ।उन्होंने बोआरीजोर में 1500 राशन किट वितरित करने की योजना बनाई है । जिसके माध्यम से विभिन्न घरों में प्रदान संस्था के द्वारा वितरित की जा रही है ।प्रदान कर्मियों के द्वारा कोरोना वायरस से संबंधित जानकारियां बोआरीजोर प्रखंड में दी गई। उन्होंने कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए आपसी सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के संदेश दिए। साथ ही प्रखंडों के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच राशन किट देकर उन्हें आवश्यकता अनुरूप सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रेरित किया। जो भी जरूरत की चीजें हैं उन्हें प्रदान संस्था के जरिए सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कोरोना वायरस के बचाव को लेकर आवश्यक सुझाव देते हुए बताया कि आप सभी ग्रामीण अपने घरों में रहें सुरक्षित रहें एवं अपने परिवार की सुरक्षा करें।